# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 16.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक

- **श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा पुलिस लाइन सभागार में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गई अपराध समीक्षा बैठक।**
- **अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-टेन, इनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश।**

**विवरण -** दिनांक 16.05.2025 को श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन डॉ0 संजीव गुप्ता द्वारा श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ नवीन सभागार पुलिस लाइन बांदा में अपराध समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किया गया कि मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शस्त्रो के निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियो पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। गुण्डो, माफियाओं, हिस्ट्रीशीटरों, टॉप टेन व इनामियां अपराधियों, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी आदि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होने निर्देशित किया किया सभी भीड़-भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गस्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें और महिला सम्बन्धी अपराधों को संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करें। समीक्षा बैठक के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस लाइन बांदा में चल रहे लघु/वृहद निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा जनपद में प्रशिक्षण हेतु आ रहे आ रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए आरटीसी बैरक, क्लासरुम, शौचालय, स्नानागार मेस ग्राउण्ड आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कार्यों को समय से पूरा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।